Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding bad condition of Khalari city in Ranchi Parliamentary Constituency.

श्री संजय सेठ (राँची): अध्यक्ष जी, धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से कोयला मंत्रालय के ध्यान में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र रांची से सिर्फ 60 किलोमीटर दूर एक खलारी शहर है, जहां 60-70 हजार लोग रहते हैं और जहां के कोयले से पूरा हिन्दुस्तान जगमगाता है, आज वहां नागरिकों की स्थिति नारकीय है । वहां सड़कों की स्थिति बहुत खराब हैं । वहां प्रदूषण की स्थिति इतनी खराब है कि अगर वहां दो महीने पहले कोई मंदिर बनता है और दो महीने बाद अगर उस मंदिर को देखें तो वह काला नजर आता है । वहां पर कोई केन्द्रीय विद्यालय भी नहीं है । जो शहर अरबों रुपये का रेवन्यू देता है, उस शहर की दुर्व्यवस्था को देखकर आप कोयला मंत्रालय को निर्देश दें कि वहां केन्द्रीय विद्यालय खोले जाए, सड़कों की व्यवस्था दुरुस्त हो, पानी की व्यवस्था हो और वहां प्रदूषण को कम करने के लिए रोजाना तीन चार बार पानी पटाना की सुविधा हो । कोयला मंत्रालय इस पर ध्यान न देकर सिर्फ हमारा कोयला लेता है, जिससे हिन्दुस्तान जगमगाता है । इसलिए मेरा आपसे सादर आग्रह है कि इस ओर ध्यान दें । …(व्यवधान)

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन): अध्यक्ष जी, धन्यवाद । आपने मुझे बहुत संवेदनशील मुद्दा उठाने का अवसर दिया…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य के आगे पोल आ रहा है ।